

**इफ्तार**
सोमवार शाम
सुन्नी: 6:13
शिया: 6:21

**सहरी**
मंगलवार सुबह
सुन्नी: 5:16
शिया: 5:11

## गंदगी से नालियां चोक

**बरेली, अमृत विचार** : शहर में मोहल्ला गंगानगर में गंदगी से नालियां चोक हैं। इसकी वजह से लोगों को परेशानी हो रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि गंदगी से मच्छर पनप रहे हैं। उन्होंने नगर निगम प्रशासन से नालियों की नियमित सफाई कराने की मांग की है।

## शहर में आज

- यूपी बोर्ड परीक्षा पहली पाली सुबह 8 :30 बजे से 11 :45 बजे और दूसरी पाली दोपहर 2 से शाम 5 :15 बजे।
- सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड परीक्षा सुबह 10 बजे से 1:30 बजे तक।
- रोटरी क्लब आफ बरेली की ओर से सेमिनार डांस हाल बरेली क्लब रात 8 बजे
- इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी में इन्वर्सिया गेम्स व कल्चरल कार्यक्रम पूर्वाह्न 11 बजे से।
- राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के संयुक्त सचिव अमित निर्मल सर्किट हाउस में पीएम श्री स्कूलों के शिक्षकों के साथ बैठक करेंगे शाम 4 :30 बजे।
- सर्वजन आम पार्टी की ओर से संत गाडगे महाराज की जयंती के उपलक्ष्य में आईएमए हाल में जयंती समारोह पूर्वाह्न 11 बजे।

# छात्र और पड़ोसियों के व्यवहार पर नजर रख रहे 'छोटे मनोचिकित्सक'

संजय शर्मा, बरेली

- 24 स्कूलों के 480 बच्चों को मनपरी और मनदूत बनाया
- रोज चार से पांच लोग डिप्रेशन की दवा लेने आ रहे मन कक्ष

**अमृत विचार** : जिले में मानसिक स्वास्थ्य को लेकर नई पहल के तहत स्कूलों में 'छोटे मनोचिकित्सक' सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। इनका उद्देश्य छात्रों और अपने घर के आसपास में रहने वाले लोगों, रिश्तेदारों समेत दोस्तों के व्यावहारिक बदलावों पर नजर रखकर उनको सही समय पर इलाज मिलने में सहायता करना है।

जिला अस्पताल स्थित मन कक्ष में तैनात मनोचिकित्सक डॉक्टरों ने तेजी से मानसिक बीमारी की चपेट में आ रहे लोगों को समय पर स्वास्थ्य लाभ मिल सके, इसके लिए जिले के 24 स्कूलों में 11वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं अपने साथ जोड़ लिया है। उन्हें मानसिक रोग के बारे में जानकारी दी और उसके लक्षणों को बताकर उनका टेस्ट लिया गया।

हर स्कूल से 10 छात्र-छात्राओं को चुना। छात्राओं को मनपरी और छात्रों को मनदूत का नाम दिया। अब यह लोग पूरे स्कूल के साथ अपने आस-पड़ोस, रिश्तेदारों की आदतों पर नजर रखते हैं। यदि कोई आदत लगातार 14 दिन तक बनी रहती है, तो ये लोग अपने टीचर, माता-पिता के माध्यम से उन लोगों को जागरूक करते हुए इलाज के लिए मन कक्ष की टीम तक भेजते हैं। वहां पर उनकी काउंसिलिंग होती है और दवा दी जाती है। जिसके बाद मनोरोगी सही हो जाते हैं।

जिले में कुल 480 'मनपरी' और 'मनदूत' बनाए गए हैं, जो मानसिक बीमारी के लक्षणों पर नजर रखते हैं। इन मनपरी और मनदूतों के कारण रोज चार से पांच मरीज अपनी काउंसिलिंग के लिए आ रहे हैं और उन्हें दवा देकर कुछ ही समय में सही भी किया जा रहा है।

### समय पर इलाज से मानसिक बीमारी को रोका जा सकता है

तनाव, अवसाद या अन्य मानसिक समस्याएं अगर 14 दिनों तक बनी रहती हैं तो आप अलर्ट हो जाएं। मनोचिकित्सक से संपर्क करें। ऐसा करने से बीमारी आगे नहीं बढ़ेगी और आप जल्द स्वस्थ हो जाएंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि समय पर पहचान और परामर्श से मानसिक समस्याओं को गंभीर होने से रोका जा सकता है।

### मानसिक रोग के लक्षण

मन उदास रहना, किसी काम में मन न लगा, थकान रहना, नींद न आना, ज्यादा बोलना, बिना बात की लड़ाई झगड़ा करना, ज्यादा साफ सफाई करना, एक ही काम को बार-बार करना, मन में नकारात्मक विचार आना, घबराहट, बेचैनी, दिल बैठना, हाथ पैर ढीले पड़ जाना, पसीना, चक्कर आना, महिलाओं में तनाव के कारण बेहोशी के दौरा भी पड़ना। लंबे समय से सिर में दर्द रहना, कानों में आवाज आना, समाज से कटे कटे रहना।



मनदूतों और मनपरी बने छात्र-छात्राओं के कारण रोज चार-पांच मरीज काउंसलिंग कराने आते हैं। उनसे बातचीत करके पता चलता है कि उन्हें दवा की जरूरत है या नहीं। इन मनदूत और मनपरियों के कारण हम अब तक सैकड़ों मरीजों को अवसाद से दूर कर चुके हैं। **-डॉ आशीष सिंह,** मनोचिकित्सक, जिला अस्पताल

## तरुण शुक्ला चैलेंजर ट्रॉफी के लिए पंजीकरण आज से

**बरेली, अमृत विचार :** पूर्व रणजी खिलाड़ी तरुण शुक्ला की स्मृति में आयोजित होने वाली चैलेंजर ट्रॉफी के लिए पंजीकरण सोमवार से शुरू होंगे।

इस संबंध में बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सीताराम सक्सेना ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के माध्यम से यूपीसीए ट्रायल देने वाले ही खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकेंगे। बरेली और बदायूं के खिलाड़ी अपना पंजीकरण स्पोर्ट्स स्टेडियम के कोच नितिश भारद्वाज के पास कराएंगे।

# फोरलेन : भूमि अर्जन कर किसानों को 2.38 अरब रुपये बांटे

## 2.43 अरब रुपये से अधिक की है परियोजना, 5.16 करोड़ की धनराशि बंटना अवशेष, सफर होगा सुगम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- राष्ट्रीय राजमार्ग का बरेली से सितारगंज तक हो रहा है चौड़ीकरण
- 20 गांवों की करीब 74.3649 हेक्टेयर भूमि अर्जन की गई

**अमृत विचार :** बरेली-सितारगंज फोरलेन चौड़ीकरण परियोजना में भूमि अर्जन की प्रक्रिया पूरी होने वाली है। तहसील सदर और नवाबगंज तहसीलों के 20 गांवों के हजारों किसानों की भूमि अर्जन कर उन्हें 2.38 अरब रुपये की धनराशि बांटी जा चुकी है। 5.16 करोड़ की धनराशि बंटना अवशेष है। भूमि अर्जन के साथ सड़क चौड़ीकरण का कार्य भी तेजी से चल रहा है।

तीन दिन पहले जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने स्टाफ मीटिंग कर जिले में बड़ी निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति भी जानी थी। मीटिंग में विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी देश दीपक सिंह की ओर से बरेली-सितारगंज फोरलेन चौड़ीकरण परियोजना की रिपोर्ट प्रस्तुत कर बताया गया था कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 74 (नया राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 30) का बरेली से सितारगंज तक चौड़ीकरण होना है। इसमें जनपद की तहसील सदर व नवाबगंज के कुल 20 गांवों की 74.3649 हेक्टेयर भूमि चयनित की गयी। भूमि अर्जन करने के साथ एनएचएआई ने पहले धारा-ए की कार्यवाही कर भूमि चयनित की। उसके बाद 3 डी करायी गयी। परियोजना का आकलन कर आगणन एनएचएआई मुख्यालय भेजा गया। 2 अरब 43 करोड़ 12 लाख से अधिक की धनराशि स्वीकृत की गयी। भूमि अर्जन कर किसानों को 19 अगस्त 2025 तक 2 अरब 38 करोड़ 96 लाख से अधिक की धनराशि बांटी जा चुकी है।

रिपोर्ट में बताया कि तहसील सदर व नवाबगंज के कुछ किसानों की भूमि अर्जन शेष है। अभी 5 करोड़ 16 लाख 47 हजार 578 रुपये बंटना अवशेष है। शेष भूमि अर्जन की कवायद चल रही है। दरअसल, पिछले साल एनएचएआई के सदस्य एडमिन विशाल चौहान के निरीक्षण करने के बाद कार्यदायी संस्था और एनएचएआई के अफसरों ने फोरलेन चौड़ीकरण समेत अन्य कार्यों को गति दी। इसके बाद नवाबगंज, रिठौरा सहित कई क्षेत्रों में एकसाथ कार्य कराया जा रहा है। तहसील सदर और नवाबगंज सीमा क्षेत्र में काफी कार्य कराया जा चुका है। रिठौरा में सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है।

### बरेली-बदायूं फोरलेन के लिए भूमि अर्जन कर बांटे 72.33 करोड़

विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी कार्यालय के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 530-बी बरेली-बदायूं को फोरलेन किया जा रहा है। चौड़ीकरण कार्य के लिए तहसील सदर से लेकर आंवला तक कुल 18 गांवों की 29.3368 हेक्टेयर भूमि अर्जन की जानी है। एनएचएआई ने धारा-ए की कार्यवाही के बाद 3 डी करायी। इसके बाद गांवों का अवार्ड घोषित कर भूमि अर्जन की कार्यवाही शुरू की। एनएचएआई बदायूं के पीडी ने अवार्ड घोषित होने के बाद इन गांवों के किसानों की भूमि अर्जन के लिए 122.93 करोड़ रुपये की स्वीकृत करायी। अब तक 72.33 करोड़ रुपये से भूमि अर्जन कर भूमि राशि पोर्टल पर अपलोड की जा चुकी है। भूमि अर्जन की कार्रवाई इसी पोर्टल के जरिए की जा रही है।



बैरियर से बड़ा बाईपास तक सड़क चौड़ीकरण का चल रहा कार्य। ● अमृत विचार

### बीडीए ने बैरियर से बड़ा बाईपास तक सड़क चौड़ीकरण शुरू किया

बरेली : बरेली विकास प्राधिकरण पीलीभीत रोड पर बैरियर से लेकर बड़ा बाईपास तक सड़क का चौड़ीकरण करा रहा है। सिक्सलेन सड़क बना रहा है। सड़क चौड़ीकरण के लिए बीडीए के ठेकेदार सड़क के दोनों ओर सड़क खोदाई कर लेबलिंग करा रहे हैं। चौड़ीकरण के बाद एयरपोर्ट आने-जाने वालों को बड़ी सहूलियत मिलेगी। इस साल तक चौड़ीकरण कार्य पूरा होने की उम्मीद है। मुड़िया अहमदनगर और चावड़ आदि गांवों क्षेत्र में कार्य हो रहा है।

# किप्स स्वीट्स से लिया लड्डू और दीनानाथ लस्सी से दही का नमूना

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- खाद्य सुरक्षा टीमों ने विभिन्न स्थानों पर प्रतिष्ठानों पर की छापामारी

**अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा विभाग ने रविवार को भी मिलावटी खाद्य पदार्थों के विरुद्ध छापामारी अभियान जारी रखा। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षत गोयल के नेतृत्व में टीमों ने विभिन्न स्थानों के प्रतिष्ठानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने सीबीगंज बंडिया से अर्श किराना स्टोर से बेसन, सिविल लाइंस स्थित किप्स स्वीट्स से लड्डू, नैनीताल रोड भोजीपुरा में अर्श किराना स्टोर से अमूल प्योर घी, स्टेशन रोड पर स्वर्ण टावर होटल के सामने से गुप्ता जी डेयरी प्रोडक्ट से पनीर और नावल्टी चौराहा स्थित दीनानाथ एंड सन्स से दही का नमूना संग्रहित किया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि नमूने संग्रहित कर जांच के लिए खाद्य विश्लेषक उप्र को भेजे गए हैं। नमूनों की जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी के निर्देश पर आम जन मानस को सुरक्षित खाद्य व पेय पदार्थ उपलब्ध कराने एवं मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए अभियान जारी रहेगा।



प्रतिष्ठान से नमूना भरती खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम। ● अमृत विचार

### पांच कारोबारियों को पंजीकरण प्रमाणपत्र सौंपे

जीआईसी ऑडिटोरियम में भी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने स्टाल लगाकर खाद्य कारोबारियों में बेचेलाल, सुमित पाण्डेय, जितेन्द्र, इतवारी लाल व रवि कश्यप को पंजीकरण प्रमाणपत्र का वितरण किया। कार्यों एवं खाद्य कारोबार करते समय रखी जाने वाली सावधानियों के संबंध में भी जागरूक किया। जिला जज ने निरीक्षण कर विभाग के कार्यों को बहुत ही महत्वपूर्ण एवं जनहितकारी बताया।

# वोटर बनने को 232729 आवेदन, बूथों पर पढ़कर सुनाई मतदाता सूची

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जनपद के सभी बूथों पर रविवार को विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान दावा एवं आपत्ति दर्ज कराने के साथ बड़ी संख्या में ऐसे लोग पहुंचे, जिनके वोट अभी तक किसी कारण से बने नहीं हैं। उन्होंने फार्म-06 भरकर आवेदन किया। वहीं, एसआईआर के दूसरे चरण में जिलेभर में रविवार तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए सभी तहसीलों में 232729 फार्म-6 भरे गए हैं। अभी एसआईआर से छूटे लोगों के पास 6 मार्च तक अपना नाम जुड़वाने का अवसर है।

एसआईआर के दूसरे चरण में जिलेभर में 22 फरवरी तक मतदाता सूचियों से नाम हटाने के लिए फार्म-7 भरकर 3531 लोगों ने आपत्तियां दर्ज करायी हैं, जबकि मतदाता सूची में दर्ज नाम में संशोधन कराने के लिए 61385 लोगों ने फार्म-8 भरा है। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अभी डिस्पोजल के लिए 127250 फार्म-6, 3241 फार्म-7 और 45948 फार्म-8 लंबित हैं। 105479 फार्म-6 और 290 फार्म-7 और 127250 फार्म-8 डिस्पोज्ड हो चुके हैं। वहीं, एईआरओ के स्तर से फार्म-6 के 464 आवेदन, फार्म-7 के 137 आवेदन और 1630 आवेदन फार्म-8 के लंबित हैं।

- एसआईआर के अन्तर्गत दावा एवं आपत्तियां भी दर्ज कराने पहुंचे लोग



एसआईआर के तहत आर्य पुत्री इंटर कॉलेज में बूथ पर मौजूद लोग।

इधर, रविवार को मौलाना आजाद इंटर कॉलेज परिसर के बूथों पर भी कम संख्या में लोग पहुंचे। मतदाताओं से ज्यादा आईएसआर में तैनात कर्मचारियों की संख्या नजर आई। नवादा स्थित बूथ पर बड़ी संख्या में मतदाता पहुंचे। बीएलओ सुबह 10 बजे बूथों पर पहुंच गए। बूथों पर बीएलओ ने नो मैपिंग के साथ ही मृतक, स्थानांतरण, शिफ्ट आदि वोटरों के नाम पढ़कर सुनाए।

### अभी तक इतने भर फार्म भरे गए

| विधानसभा | फार्म-6 | फार्म-7 | फार्म-8 |
|---|---|---|---|
| बहेड़ी | 22375 | 371 | 7264 |
| मीरगंज | 16814 | 633 | 4956 |
| भोजीपुरा | 28940 | 574 | 5758 |
| नवाबगंज | 17786 | 300 | 5876 |
| फरीदपुर | 27614 | 156 | 3937 |
| बिथरी | 26909 | 395 | 5782 |
| बरेली शहर | 41826 | 422 | 14472 |
| बरेली कैंट | 32156 | 417 | 10094 |
| आंवला | 18309 | 263 | 3246 |
| कुल | 232729 | 3531 | 61385 |

### दो लाख वोट और कम हो सकते हैं

जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार 579098 लोग नो मैपिंग में शामिल हैं। 578877 नोटिस जारी हुए हैं। 17 फरवरी तक 357270 नोटिस रिसीव कराए जा चुके थे। अब इसमें कुछ और जुड़ गए लेकिन अभी भी दो लाख से ज्यादा नोटिस रिसीव नहीं हुए हैं। इससे माना जा रहा है कि इतने वोट और कम हो सकते हैं।

**आयोजन** | एडीजी, डीआईजी और एसएसपी ने रुविवि के ऑडिटोरियम में आयोजित एक दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स में दिए टिप्स

# डिजिटल, विधिक दक्षता व अनुशासन से तेज होगी कानून की धार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बदलते आपराधिक कानूनों और तकनीकी न्याय प्रणाली के दौर में रविवार को रुहेलखंड विश्वविद्यालय का ऑडिटोरियम पुलिस प्रशिक्षण की पाठशाला बन गया। यूपी पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर आयोजित एक दिवसीय रिफ्रेशर कोर्स में बरेली जोन के सभी नौ जनपदों के 181 थानों के पैरोकारों और कोर्ट मोहर्रिरों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली में विधिक दक्षता, अभिलेखों की शुचिता और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पारदर्शिता बेहद महत्वपूर्ण है। कहा कि विधिक दक्षता, अनुशासन के साथ डिजिटल पुलिस प्रणाली को धारदार बनाकर अपराधों और अपराधों की जन्मस्थली को अपराध विहीन बनाया जा सकता है। अकादमिक नेतृत्व और पुलिस प्रशासन का यह समन्वय आने वाले समय में विवेचना की गुणवत्ता और अभियोजन की प्रभावशीलता को नई गति देगा। अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन रमित शर्मा, पुलिस उपमहानिरीक्षक बरेली परिक्षेत्र अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण निदेशालय रिजुल सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। 780 प्रतिभागियों में 709 थाना पैरोकार, कोर्ट मोहर्रिर, मॉनिटरिंग सेल प्रभारी और 71 अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे। मुरादाबाद परिक्षेत्र के डीआईजी मुनीराज सहित अन्य अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े।



कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुलिस अफसरों और कर्मियों ने भाग लिया। ● अमृत विचार



कार्यक्रम में बोलते कुलपति प्रो. केपी सिंह।

### तीन नए कानूनों पर गहन मंथन

प्रथम सत्र में अभियोजन के संयुक्त निदेशक अच्छेलाल यादव ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। पैरोकारों और कोर्ट मोहर्रिरों की भूमिका को आपराधिक न्याय प्रणाली की धुरी बताते हुए अभियोजन की मजबूती पर जोर दिया गया।

### कोर्ट के महत्वपूर्ण आदेशों के बारे में बताया

द्वितीय और तृतीय सत्र में उच्चतम न्यायालय और उत्तर प्रदेश उच्च न्यायालय के महत्वपूर्ण आदेशों के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण के संयुक्त निदेशक केके शुक्ल ने चेन आफ कस्टडी, रिमांड प्रक्रिया, साक्ष्य प्रस्तुतिकरण, ई-समन, आईसीजेएस, सीसीटीएनएस, ई-मालखाना और एनएसटीईपी जैसे तकनीकी बिंदुओं पर व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया। हर सत्र के बाद प्रश्नोत्तर के माध्यम से मैदानी चुनौतियों पर चर्चा हुई।

# जिला अस्पताल : एफेरेसिस मशीन का संचालन जल्द होगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रक्त से प्लेटलेट्स, प्लाज्मा और सफेद एवं लाल रक्त कोशिकाएं अलग करने में मिलेगी मदद

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल के ब्लडबैंक में स्थापित अत्याधुनिक एफेरेसिस मशीन के संचालन की प्रक्रिया तेज हो गई है। अस्पताल प्रशासन का दावा है कि अनुमति मिलते ही जल्द मशीन का संचालन शुरू कर दिया जाएगा। इससे मरीजों को राहत मिलेगी। यह मशीन मरीजों के रक्त से प्लेटलेट्स, प्लाज्मा, सफेद एवं लाल रक्त कोशिकाओं को अलग-अलग करने में सक्षम है, जिससे गंभीर मरीजों को समय पर उपचार मिल सकता है।

ब्लडबैंक में एफेरेसिस मशीन की स्थापना बहुत पहले ही हो चुकी है, लेकिन इसे चलाने का लाइसेंस दिल्ली से मिलता है। जिसके न मिलने के कारण यह अस्पताल में बंद पड़ी है। शनिवार को दिल्ली से आई विशेषज्ञ टीम ने अस्पताल में ब्लड बैंक में निरीक्षण किया और तकनीकी मानकों और स्टाफ की उपलब्धता के आंकड़े जुटाए। टीम पूरा डेटा ले गई है। जल्द ही इसे चलाने की अनुमति मिल सकती है।

**क्या है एफेरेसिस मशीन**

एफेरेसिस मशीन एक आधुनिक चिकित्सीय उपकरण है, जो रक्तदाता या मरीज के शरीर से रक्त लेकर उसमें से आवश्यक घटक अलग करती है और शेष रक्त वापस शरीर में पहुंचा देती है।

**मरीजों को ये होंगे लाभ**

डेंगू मरीजों को राहत मिलेगी, इससे उसकी प्लेटलेट्स की कमी होने पर तुरंत उपलब्ध कराया जा सकता है, कैंसर व अन्य गंभीर मरीजों की कीमोथेरेपी या रक्त संबंधी बीमारियों में मदद मिलेगी।

न्यूज ब्रीफ

### छात्रा पर किया हमला आरोपियों पर रिपोर्ट

बरेली, अमृत विचार : प्रेमनगर थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर गुलमोहर पार्क निवासी भावना सिंह पुत्री अवधेश कुमार सिंह एक कॉलेज में पढ़ती हैं। छात्रा के अनुसार 19 फरवरी को वह कॉलेज के बाहर फाइल लेने गई थीं। आरोप है कि तभी वजीरगंज, जिला बदायूं निवासी राजुल शंखधार, अभि कुर्मी, वेदनाश पंडित और तीन- चार अज्ञात लोगों ने उस पर हमला कर दिया। पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने उसके हाथ पर धारदार वस्तु से वार किया। शोर मचाने पर कॉलेज के एक छात्र ने बीच-बचाव कर उसे बचाया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### युवती ने पड़ोस के फ्लैट में रहने वालों से जान का खतरा बताया

बरेली, अमृत विचार : गुरुग्राम में नौकरी करने वाली युवती ने पड़ोस के फ्लैट में रहने वाले एक परिवार से जान को खतरा बताया है। युवती के अनुसार आरोपी पहले भी मारपीट कर चुके हैं। बारादरी पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सनराइज एंक्लेव निवासी पल्लवी रस्तोगी ने बताया कि फ्लैट के नीचे ग्राउंड फ्लोर पर सबकी अलग-अलग पार्किंग बनी हुई है। आरोप है कि पास के फ्लैट में रहने वाले रितेश अग्रवाल, उनका बेटा क्रिश अग्रवाल और बेटी तानवी अग्रवाल गाड़ी खड़ी कर देते हैं। विरोध करने पर ये लोग गाली गलौज कर धमकी देते हैं।

# पेड़ को नहीं हटाया, हादसे में खत्म हो गईं तीन जिंदगियां

## पहले भी कई हादसों की वजह बन चुका था पेड़ फिर भी रिफ्लेक्टर तक नहीं लगाया, शादी में शामिल होकर परिवार के साथ घर लौट रहे थे गोविंद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** पेड़ से कई बार हादसे हो चुके थे, मगर इसके बाद भी पीडब्ल्यूडी की ओर से चेतावनी के रूप में पेड़ पर रिफ्लेक्टर या संकेतक नहीं लगाया गया। पेड़ को हटाने के लिए भी वन विभाग की ओर से कोई कदम नहीं उठाया गया। नतीजन, सड़क हादसे में तीन और जिंदगियां खत्म हो गईं। जबकि तीन लोग अस्पताल में भर्ती हैं।


रामपुर रोड पर स्वालेनगर में कब्रिस्तान के पास इसी पेड़ से टकराई थी कार।


घटनास्थल पर क्षतिग्रस्त कार को देखते एआरटीओ।


घायल आर्यन।


घायल रामबहादुर।

रामपुर रोड पर स्वालेनगर शिया कब्रिस्तान के पास सड़क किनारे खड़े पेड़ से हादसा होने के बाद सुबह लोगों की भीड़ मौके पर क्षतिग्रस्त कार को देखने के लिए पहुंची। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस पेड़ से कार टकराई, वह लंबे समय से सड़क के बीचो-बीच खड़ा है। इससे पहले भी इस पेड़ की वजह से कई हादसे हो चुके हैं। कई लोग जान गंवा चुके हैं। रविवार को हादसे के बाद परिवहन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर हादसे की जांच की।

**एआरटीओ ने बतायीं हादसे की दो वजह :** एआरटीओ प्रवर्तन वैभव सोती ने बताया कि हादसे की दो वजह शुरुआती जांच में सामने आई हैं। जिसमें ओवर स्पीड और चालक को नींद की झपकी आना है। जिससे अनियंत्रित होकर गाड़ी पेड़ से जा टकराई। मौके पर किसी तरह ब्रेक लगने के निशान नहीं मिले हैं।

- एक साथ तीन मौतों से सदमे में परिवार, अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती घायल

**टूटी सड़क और अतिक्रमण भी बना कारण :** रामपुर रोड की हालत जर्जर है। जगह-जगह गहरे गड्ढे हैं। साथ ही सड़क किनारे रेता बजरी का कारोबार होता है। इससे मार्ग संकरा हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सड़क दुरुस्त होती और अतिक्रमण न होता तो शायद हादसा टल सकता था। जिस पेड़ से हादसा हुआ, उस पर कोई रिफ्लेक्टर या चेतावनी संकेत नहीं लगाया था। यदि रिफ्लेक्टर लगा होता तो संभव है चालक को अंधेरे में पेड़ दिखाई दे जाता और दुर्घटना टाली जा सकती थी।


हादसे के बारे में जानकारी देते मृतकों के परिजन। ● अमृत विचार

**एयरबैग भी नहीं बचा पाए जान :** हादसे के दौरान कार के एयरबैग खुले, लेकिन टक्कर इतनी भीषण थी कि वे भी जान नहीं बचा सके। जिससे शुरुआती जांच के बाद माना जा रहा है कि कार की रफ्तार अधिक होने की वजह से कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई।

### पिता-पुत्र समेत चाचा लड़ रहे जिंदगी की जंग

बारात से लौटते समय गोविंद कार चला रहे थे। हादसे में उसके पत्नी और फूफा की मौके पर ही मौत हो गई। गोविंद, उसका दो साल बेटा आर्यन और चाचा अस्पताल के आईसीयू में जिंदगी और मौत की जंग लड़ रहे हैं। वहीं, हादसे की खबर के बाद रामपुर से उसके परिजन भी अस्पताल में पहुंच गए।

### मातम में बदलीं शादी की खुशियां

जिला रामपुर के कल्याणपुर शहजादनगर निवासी गोविंद बुआ के बेटे राहुल की शादी में शामिल होने थाना शाही क्षेत्र के मंसूरगंज आया था। शनिवार रात शादी में शामिल होने करगैना करेली आए था। रात में घर लौट रहे थे। रात में हादसे की खबर बरातियों को हुई तो शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। रविवार सुबह गमगीन माहौल में बरात को रवाना किया गया।


अस्पताल में भर्ती गोविंद।

### टूटी चूड़ियां और खून बयां कर रहा था भयावह मंजर

शनिवार रात हुए भीषण कार हादसे ने घटनास्थल पर दर्दनाक मंजर के सबूत छोड़ दिए। कार की आगे की सीट पर महिला की टूटी हुई चूड़ियां बिखरी पड़ी थीं। पीछे के सीटों पर पड़े कपड़े, कार के अंदर फैला खून हादसे की भयावहता बयां कर रहा था। कार में कुल छह लोग सवार थे। हादसे में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

# एक किलो अफीम के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बारादरी और प्रेमनगर पुलिस ने एक किलो से अधिक अफीम के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद अफीम की कीमत तीस लाख बताई जा रही है। रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि शनिवार रात पुलिस टीम ने भरतौल रोड पर ब्लॉक गोदाम के पास से फतेहगंज पश्चिमी के दीवीपुर गांव निवासी अरविंद यादव और दिनेश को गिरफ्तार किया। उनके पास से 741 ग्राम अफीम बरामद हुई। पूछताछ में अरविंद ने बताया कि वह यह अफीम कदीर अहमद निवासी तिलमस थाना मीरगंज से खरीदकर लाया था। अरविंद ने बताया कि बिजली का काम करते समय उसकी मुलाकात कदीर से हुई थी। कदीर चालक है। कदीर ने पैसे का लालच दिया, जिसके चक्कर में वह तस्करी करने लगा। पुलिस ने कदीर की तलाश शुरू कर दी है। वहीं, प्रेमनगर पुलिस ने शनिवार रात चेकिंग के दौरान कुदेशिया पुल के पास से एक युवक को हिरासत में लिया। तलाश लेने पर उसके पास से 534 ग्राम अफीम, 1100 रुपये व मोबाइल फोन बरामद हुआ। आरोपी ने अपना नाम निरोत्तम मौर्य निवासी लहर थाना भमोरा बताया। बताया कि वह बहेड़ी के रसूलपुर गांव निवासी नरेन्द्र के कहने पर पैसे के लालच में अफीम बेचने लगा। पुलिस ने नरेंद्र को भी मुकदमे में नामजद किया है।

- बारादरी और प्रेमनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को जेल भेजा
- पूछताछ में आरोपियों ने कहा- पैसे कमाने के लालच में करने लगे थे तस्करी

# रिश्ता तुड़वाकर युवक प्रेमिका को लेकर फरार

बरेली, अमृत विचार : लड़की की मां ने बेटी का रिश्ता दूसरी जगह तय कर दिया। इसपर उसके प्रेमी ने उसके फोटो, वीडियो और मेसेज लड़के वालों को भेज दिए। जिससे उसका रिश्ता टूट गया। युवक युवती को लेकर फरार हो गया। शिकायत पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

बारादरी थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने बताया कि उसकी बेटी की मोहल्ले के ही युवक से दोस्ती थी। जिससे दोनों का मिलना जुलना रहता था। कुछ समय पहले उसने लड़के को हिदायत दी थी कि वह उसकी बेटी से मिलना बंद करे, लेकिन वह नहीं माना। महिला ने बताया कि उसने जहां बेटी का रिश्ता तय किया था वहां पर युवक ने मेसेज, फोटो और वीडियो भेजकर बेटी का रिश्ता तुड़वा दिया। 20 फरवरी को युवक बेटी को लेकर फरार हो गया।

# आक्रोश : युवती के लापता होने पर ग्रामीणों ने थाना घेरा, किया प्रदर्शन

- पुलिस ने चौबीस घंटे में युवती की बरामदगी का दिया आश्वासन

संवाददाता, सीबीगंज

**अमृत विचार:** सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव नदोसी में एक युवती के लापता होने के मामले को लेकर रविवार को ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर प्रदर्शन किया। परिजनों का आरोप है कि गांव का ही एक युवक कथित रूप से अपनी पहचान छिपाकर युवती से मित्रता कर उसे अपने साथ ले गया। घटना 19 फरवरी की शाम करीब सात बजे की बताई जा रही है।


थाने में पुलिस से वार्ता करते लोग। ● अमृत विचार

परिजनों के अनुसार गांव निवासी वाहिद उर्फ भूरा पुत्र सलीम उर्फ पहलवान युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। इस मामले में उसके भाई अनीश की भी संलिप्तता होने का आरोप लगाया गया है। युवती के भाई की तहरीर पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दो अलग-अलग समुदायों से मामला जुड़ा होने के कारण गांव में तनाव की स्थिति बन गई।

रविवार को पार्षद पति उमेश गंगवार व पूर्व पार्षद सुखदीश कश्यप के नेतृत्व में ग्रामीणों ने सीबीगंज थाने का घेराव कर कार्रवाई की मांग की। वहीं, थाना प्रभारी प्रदीप कुमार चतुर्वेदी ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को आश्वासन दिया कि 24 घंटे के भीतर युवती की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए प्रयास तेज किए जाएंगे। इसके बाद ग्रामीण शांत हो गए। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है।







# नाम बदलकर बच रहा था 10 साल बाद गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- आईटी एक्ट के मुकदमे में था नामजद, युवक ने दूसरे नाम से बनवा लिया था आधार
- कोर्ट से जारी हो चुका था वारंट, पुलिस ने आरोपी को जेल भेजा

**अमृत विचार :** आईटी एक्ट के मुकदमे में कोर्ट से वारंट जारी होने के बाद आरोपी पुलिस से बचने के लिए आधार कार्ड में अपना नाम बदलकर रह रहा था। पुलिस ने रविवार को आरोपी को उसके घर से ही गिरफ्तार कर लिया।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि दस साल पुराने आईटी एक्ट के मामले में नामजद आरोपी गौरव आहूजा का कोर्ट से वारंट जारी हुआ था। लेकिन आरोपी अपने ही घर में नाम बदलकर रह रहा था। कोर्ट से जब भी वारंट उसके घर जाता था तो वह खुद को जय आहूजा बताकर बच जाता था। पुलिस ने कई स्रोतों से तस्दीक की तो पता चला कि यही शख्स असली गौरव आहूजा है, जिसने अपना आधार कार्ड भी जय आहूजा के नाम से बनवा लिया है। तब पुलिस ने कोर्ट में स्थिति स्पष्ट की और उसका वारंट गौरव आहूजा उर्फ जय आहूजा करके बनवाया। रविवार को पुलिस ने आरोपी के सही नाम की तस्दीक की। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# जोगेंद्र हत्याकांडः 24 घंटे बाद भी पुलिस खाली हाथ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसओजी, सर्विलांस और थाना पुलिस खुलासे में लगी
- संदिग्धों, पत्नी और करीबियों से भी पूछताछ

**अमृत विचार :** सब्जी विक्रेता जोगेन्द्र हत्याकांड में पुलिस, एसओजी, सर्विलांस टीम 24 घंटे बाद भी खाली हाथ है। तीनों टीमें खुलासे में लगी हैं। संदिग्धों, मृतक की पत्नी समेत अन्य करीबियों से भी रविवार को पुलिस ने पूछताछ की, लेकिन कोई अहम सुराग हाथ नहीं लगे।

आंवला थाना क्षेत्र के तिगरा खानपुर निवासी जोगेंद्र लोधी सुभाषनगर थाना क्षेत्र के प्रगति नगर में मकान बनाकर रह रहे थे। शुक्रवार रात घर के बरामदे में सो रहे थे। पत्नी अनीता पास में सो रही थीं। अनीता ने बताया कि रात करीब 1 बजे अचानक मकान की छत पर कुछ आहट सुनाई दी। जोगिंदर व उनकी पत्नी अनीता जीने से छत पर जाने लगे। उन्होंने डंडे से बदमाशों को ललकारा, लेकिन बदमाशों ने तमंचे से जोगेंद्र को गोली मार दी। गोली उनके सीने में लगी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उसके बाद बदमाश पैसों से भरा लेकर बैग लेकर फरार हो गए थे। खुलासे के लिए एसएसपी अनुराग आर्य ने एसओजी, सर्विलांस और थाना पुलिस को लगाया है। वहीं लापरवाही के मामले में करगैना चौकी इंचार्ज पवन कुमार को सस्पेंड कर दिया था। रविवार को पुलिस ने मृतक की पत्नी अनीता और उसके कुछ करीबियों से भी पूछताछ की। सुभाषनगर इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह ने बताया कि टीमें घटना के खुलासे में लगी हुई हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करके वारदात का राजफाश किया जाएगा।

# घर में मिली युवक की खून से लथपथ लाश

कार्यालय संवाददाता बरेली

**अमृत विचार :** इज्जत नगर थाना क्षेत्र में एक युवक का शव उसके घर में खून से लथपथ पड़ा मिला. परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है. पुलिस ने सब को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

इज्जत नगर थाना क्षेत्र के छोटी बिहार निवासी 45 साल के बालक राम का शव रविवार शाम घर के बरामदे में खून से लथपथ पड़ा मिला। उसके शरीर पर खून लगता और फर्श पर भी खून बह रहा था. उसकी पत्नी रेखा बेटा और बेटी जब घर लौटे तो बालक राम को इस हालत में देखकर वह दंग रह गए. और सर्व सुनकर पड़ोसी भी मौके पर पहुंच गए. परिजनों ने शरीर पर चोटों के निशान देखे हुए हत्या की आशंका जताई है. सूचना मिलने पर इज्जत नगर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई पुलिस मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है. वही मोहल्ले में चर्चा है कि बालक राम शराब पीने का आदी था नशे में बह गिर गया होगा लेकिन पुलिस सभी एंगल पर जांच कर रही है परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है।


घटनास्थल पर जांच करती पुलिस। ● अमृत विचार

- परिजनों ने शरीर पर चोटों के निशान देखकर हत्या की जताई आशंका
- इज्जत नगर थाना क्षेत्र के छोटी बिहार की घटना, जांच में जुटी पुलिस

**न्यूज ब्रीफ**

### अनुदेशक कल्याण एसो. की ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी का गठन

**बरेली, अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश परिषदीय अनुदेशक कल्याण एसोसिएशन की बैठक रविवार को इज्जतनगर स्थित एक पार्क में आयोजित की गई। बैठक में भोजीपुरा ब्लॉक की कार्यकारिणी का गठन किया गया। बैठक जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। भोजीपुरा ब्लॉक की कार्यकारिणी में सचिन कुमार को ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया। राजीव पाठक को उपाध्यक्ष, सावित्री देवी को सचिव, केशव कुमार को मंत्री, भावना यादव को सहसचिव, सुरजीत सिंह को कोषाध्यक्ष, प्रियंका आर्या को मीडिया प्रभारी, रेनु सिंह को प्रभारी, मुनीश कुमार, गौरव कुमार, विजेंद्र कुमार, दिनेश कुमार को सदस्य चुना गया। बैठक में पवन कुमार, पंकज कुमार, कपिल भारती, दीपाली, रंजना सिंह आदि उपस्थित रहे।

### बिना दबाव करें बैंक के कार्यों का निर्वहन

**बरेली, अमृत विचार** : स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन बरेली परिक्षेत्र प्रथम की ओर से रविवार को बैंक की मुख्य शाखा पर संगठनात्मक संगोष्ठी आयोजित की गई। उप-महामंत्री नवींद्र कुमार ने कहा कि सभी सदस्य निडर होकर, बिना किसी दबाव के ईमानदारी के साथ बैंक के कार्यों का निर्वहन करें। यदि किसी सदस्य के साथ किसी प्रकार का अनुचित व्यवहार होता है तो उसकी सूचना तत्काल संगठन को दी जाए। सहायक महामंत्री शैलेंद्र गुप्ता ने संगठन की एकता, मजबूती और सामूहिक शक्ति पर विस्तार से प्रकाश डाला। क्षेत्रीय सचिव भूपेंद्र कुमार, आंचलिक सचिव मनोज कुमार, विकास कुमार, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, संगठन मंत्री वरुण गंगवार, महामंत्री डॉ. दिनेश कुमार सिंह, अध्यक्ष अजय पांडे आदि ने भी विचार रखे। संचालन पूजा कौशल व विकास कुमार ने किया।

### दरगाह शाहदाना वली पर हुआ रोजा इफ्तार

**बरेली, अमृत विचार** : चौथे रोजे के मौके पर रविवार की शाम को दरगाह शाहदाना वली पर रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। यहां मुस्लिम और हिंदू समेत सभी धर्म के लोगों ने रोजा इफ्तार किया। देश में अमन चैन और भाईचारे की दुआ मांगी गई। दरगाह शाहदाना वली के मीडिया प्रभारी वसी अहमद वारसी ने बताया कि रोजा इफ्तार से पहले असर की नमाज के बाद सरकार शाहदाना वली के कुल शरीफ की फातिहा हुई। दरगाह के मुतवल्ली अब्दुल वाजिद खां बब्बू मियां, यूसुफ इब्राहिम, तौसीफ खां, अकरम वारसी, सलमान शम्शी, शानू खां, गुल्लन खां आदि मौजूद रहे।

## चौपाल में किसानों की समस्याएं सुनेंगे अफसर

- 23 से 27 फरवरी तक चकबंदी प्रकिया के अंतर्गत आने वाले गांवों में आयोजित होंगी चौपालें

**बरेली, अमृत विचार**: किसानों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान करने के लिए 23 से 27 फरवरी के मध्य अलग-अलग ग्रामों में चौपाल का आयोजन किया जाएगा। जिला बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी पवन कुमार सिंह ने यह कार्यक्रम निदेशालय के निर्देश पर जारी किया है। इसके तहत चकबंदी प्रकिया के अंतर्गत आने वाले गांवों में चौपाल का आयोजन किया जाएगा।

जिला बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी की ओर से चकबंदी आयुक्त को भेजे गए पत्र में बताया गया है कि उप संचालक चकबंदी, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी और चकबंदी अधिकारी की उपस्थिति में ग्राम चौपाल का आयोजन करने के लिए तारीखें तय की हैं। बहेड़ी के कलुआडांडा में 23 व 25 को कचनेरा में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी पवन कुमार सिंह, 23 को बसंतनगर जागीर में व 27 को बहादुरगंज में चकबंदी अधिकारी अमरनाथ सिंह, 24 को बहेड़ी के डंडिया नगला व 25 को मीरगंज के चंद्रपुर जोगियान में चकबंदी अधिकारी अनुराग दीक्षित, 26 को फरीदपुर के रायपुर हंस व 27 को नगरिया कलां में चकबंदी अधिकारी श्याम नारायन ग्राम चौपाल में सुनवाई करेंगे। इसके साथ बहेड़ी के रुस्तमनगर में 23 को और तुलसमपुर में 27 को चकबंदी अधिकारी अरविंद कुमार ग्राम चौपाल का आयोजन कराएंगे।

**ये स्थान कब होंगे स्मार्ट**







### 11 करोड़ खर्च... सरोवर को जल का, जन को पर्यटन की प्रतीक्षा

शहर के बीचोबीच संजय कम्युनिटी हाल के बगल के तालाब को सरोवर बनाने के साथ उसके चारों ओर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 16 कियोस्क (फूड कोर्ट) बनाए गए। करीब दो साल से न सरोवर में स्वच्छ पानी नजर आया और न ही इसका संचालन शुरू हुआ। रेलिंग भी जंक खा रही है। एक कियोस्क का दरवाजा खुला रहता है। उसके पास पेयजल लाइन का पानी बहता रहता है। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत शहरवासियों को सुबह-शाम घूमने व पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के लिए उद्देश्य से संजय कम्युनिटी हाल परिसर का सौंदर्यीकरण कराया गया। सरोवर के विकास के साथ मल्टीलेवल कार पार्किंग भी बनायी गयी, करीब 11 करोड़ खर्च किए गए लेकिन...स्मार्ट सिटी के लोग स्मार्ट तरीके से घूमने-फिरने के लिए फिलहाल इन स्थलों के टूरिस्ट स्पॉट बनने की प्रतीक्षा में हैं। ● अमृत विचार

# 99 हजार के बकाया पर काट दी भाजपा कार्यालय की आरसी

### बीजेपी नेताओं में खलबली, अफसरों तक मामला पहुंचा तो बैकफुट पर आया बिजली विभाग

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार** : रामपुर गार्डन स्थित कामर्शियल-2 वर्टिकल कार्यालय के अधिशासी अभियंता आजकल उच्चाधिकारियों से लेकर भाजपा नेताओं तक चर्चा में हैं। उनके कार्य ही ऐसे हैं। पहले उन्होंने 22 लाख से ज्यादा की बिजली की रिकवरी दिखाते हुए एडीएम कंपाउंड स्थित सिटी मजिस्ट्रेट के आवास की आरसी काट कलेक्ट्रेट भेज दी। अब भाजपा कार्यालय पर 99 हजार से अधिक का बकाया बिजली बिल दिखाते हुए आरसी काट दी।

आरसी के कलेक्ट्रेट पहुंचने पर अफसर भी चकरा गए। भाजपा सरकार में उसके ही पार्टी कार्यालय के विरुद्ध रिकवरी सर्टिफिकेट जारी करने से अधिकारी भी गंभीर हो गए। उच्चाधिकारियों ने नाराजगी जतायी। इसके साथ ही आरसी जारी होने का मामला भाजपा के वरिष्ठ नेताओं तक पहुंचा तो उनमें खलबली मच गयी। नाराजगी जताए जाने




- अधिशासी अभियंता ने आरसी वापस मंगाने को एडीएम एफआर को लिखा पत्र

पर बिजली विभाग बैकफुट पर आ गया। अब आरसी वापस मंगाने की कवायद की जा रही है।

रामपुर गार्डन स्थित कामर्शियल-2 वर्टिकल कार्यालय के अधिशासी अभियंता सूर्य कुमार की ओर से अध्यक्ष बीजेपी, भारतीय जनता पार्टी ऑफिस, आवास विकास सिविल लाइन के नाम से आरसी जारी की गयी। आरसी में 99996 रुपये का बिजली बकाया दिखाया गया है। अभियंता ने कुछ दिन पहले मांग पत्र संख्या 20260106150000593 की आरसी जारी की थी। आरसी के कलेक्ट्रेट पहुंचने पर एडीएम एफआर से लेकर उच्चाधिकारियों के संज्ञान में मामला लाया।

इस बीच आरसी जारी होने की भनक भाजपा नेताओं को लगी। इसके बाद मामला दबाने के लिए उच्च स्तरीय प्रयास शुरू किए गए। सत्तापक्ष के कार्यालय के विरुद्ध आरसी जारी होने के संबंध में कहीं विपक्ष को भनक न लग जाए, इसको लेकर मामला कई दिनों तक फाइलों में ही दबाए रखा गया लेकिन कलेक्ट्रेट के कर्मचारियों में भाजपा कार्यालय की आरसी जारी होने की चर्चा आम हो गयी।

उच्चाधिकारियों के नाराजगी जताने पर अधिशासी अभियंता ने आरसी को वापस मंगाने के लिए एडीएम एफआर को पत्र लिखा है। अभियंता ने मांगपत्र बिना वसूल किए खंड कार्यालय को वापस करने का अनुरोध किया है। बताते हैं कि अब आरसी निरस्त करने की तैयारी की जा रही है।

### आरसी जारी करने के बाद वापस मंगाने पर उठे सवाल

आरसी जारी कर वापस मंगाने पर कई सवाल उठ रहे हैं। 99996 रुपये का बकाया है, तभी आरसी जारी की गयी, यदि नहीं है तो खंड कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों से इस तरह की गलती कैसे हो गयी, क्या आरसी पर हस्ताक्षर करते समय अभियंता ने चेक नहीं किया, जबकि आरसी पर स्पष्ट रूप से बकायेदार संस्था या व्यक्ति का नाम सहित पता लिखा होता है। उसमें नोटिस जारी करने का व्यय भी जुड़ा होता है। सबसे अहम बात यह है कि तीन नोटिस जारी होने पर जवाब नहीं आने पर आरसी जारी की जाती है।

## लाभार्थियों को चेक सौंपे, आमजन को बतायीं कल्याणकारी योजनाएं

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार**: जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से रविवार को जीआईसी ऑडिटोरियम में मेगा विधिक सहायता एवं सेवा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के बारे में आमजन को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कई योजनाओं के लाभार्थियों को सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश प्रदीप कुमार सिंह द्वितीय ने मां शारदे के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व माल्यार्पण कर मेगा शिविर का शुभारंभ किया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी के एलएलबी के प्रभाकर सिंह ने स्क्रीन पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का थीम सांग प्रस्तुत किया।

संचालन अपर जिला जज/एफ टी सी प्रथम राघवेंद्र मणि ने किया। बताया कि शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल्स लगाए गये थे। सौ से अधिक लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ प्रदान किया। इस अवसर पर प्राधिकरण की सचिव अपर सिविल जज



शिविर में बच्चों को पुस्तकें वितरित करते जिला जज, डीएम व अन्य। ● अमृत विचार

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जीआईसी सभागार में लगाया मेगा विधिक सहायता शिविर

सीनियर डिवीजन जया प्रियदर्शिनी ने कार्यक्रम की जानकारी दी। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने शासन-प्रशासन की ओर से संचालित योजनाओं से जानकारी देकर आमजन से उनका लाभ प्राप्त करने की अपील की।

जनपद न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी ने बारह दिव्यांगजनों में अक्षम व्यक्तियों को व्हीलचेयर और हियरिंग एंड वितरित किए। सीएमओ डॉ विश्राम सिंह ने पांच लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड प्रदान किए। पीओ कॉमर्शियल कोर्ट ने बीस लाभार्थियों को एफडी, दस लाभार्थियों को लैपटॉप, पांच लाभार्थियों को एनआरएलएम योजना, नंदिनी कृषक योजना व भेड़ पालन योजना, कौशल विकास योजना, सीएम युवा योजनाओं के अंतर्गत पांच-पांच लाभार्थियों को चेक एडीजे प्रथम कु. अफशां ने प्रदान किए।

इसके अलावा गन्ना योजना व बीज योजना में छः लाभार्थियों को मिनी किट, दस लाभार्थियों को राशन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत पांच लाभार्थियों को चेक, दस पुलिस कर्मियों को परिवार परामर्श व मध्यस्थता केंद्र उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। मेगा शिविर के नोडल अधिकारी उमाशंकर कहार ने सभी का आभार जताया।

## निसान का नया मॉडल लांच




नाथ निशान शोरूम पर किया गया ग्रेवाइट के नये मॉडल का अनावरण। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार**: शहर के नाथ निसान शोरूम में रविवार को निसान ग्रेवाइट के नए मॉडल का भव्य अनावरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विनोद ग्रोवर ने किया। समारोह उपस्थित लोगों ने नई निसान ग्रेवाइट के आकर्षक स्वरूप, मॉर्डन इंटीरियर और उन्नत सुविधाओं की सराहना की। शोरूम प्रबंधन के अनुसार इस मॉडल की शुरुआती कीमत 5 लाख 65 हजार रखी गई है। ये कीमत पहले 5 हजार ग्राहकों को ही दी जाएगी। कार में छह एयरबैग की सुविधा दी गई है, जो इसे सेगमेंट की सुरक्षित गाड़ियों में स्थान दिलाती है। साथ ही पांच वर्ष का निःशुल्क सर्विस पैकेज भी दिया जा रहा है। नाथ निसान परिवार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अनिल ग्रोवर, युगेश ग्रोवर, अभिषेक ग्रोवर, ईशान ग्रोवर और शिवांग ग्रोवर उपस्थित रहे।

## मासूम के सिर में बुजुर्ग ने मारी ईट तीन पर रिपोर्ट

**कैंट, अमृत विचार** : घर के बाहर खेल रहे 7 वर्षीय बच्चे के सिर में सामने रहने वाले 60 वर्षीय बुजुर्ग ने ईंट मार कर उसे घायल कर दिया। थाना कैंट क्षेत्र के नकटिया ग्रास मंडी निवासी अनिल कुमार ने बताया कि रविवार सुबह उसका 7 वर्षीय पुत्र सुभाष घर के दरवाजे के बाहर खेल रहा था। इस दौरान उनके घर के सामने रहने वाले राम सिंह (60) ने उनके बेटे को गाली देते हुए वहां से भाग जाने को कहा। बच्चे के न हटने पर राम सिंह ने उसके सिर में ईंट मार दी। विरोध पर उनके साथ भी गाली-गलौज की। कैंट पुलिस ने बच्चे का मेडिकल परीक्षण कराकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्द की है।

## सेवानिवृत्त प्रधानाचार्या को शिक्षकों ने दी श्रद्धांजलि

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार**: शिक्षिका डॉ. मिथलेश के निधन के बाद रविवार को हुई शोकसभा में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोक सभा में शिक्षा जगत से जुड़े अनेक लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति प्रार्थना की। आर्य पुत्री इंटर कॉलेज की सेवानिवृत्त प्रधानाचार्या डॉ. मिथलेश भदौरिया निधन का 15 फरवरी को हो गया था। शोकसभा में परिषद के प्रांतीय संयोजक डॉ सुरेश चंद्र रस्तोगी, प्रांतीय महामंत्री डॉ. मनोज कुमार, प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. संदीप इंदवार, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडलीय अध्यक्ष डॉ. रणविजय सिंह यादव, डॉ. शरद कांत शर्मा, डॉ. चन्द्रा मिश्रा, डॉ. एस पी पांडेय, संजय यादव, डॉ. लाखन सिंह यादव, डॉ. अजीत सक्सेना, चमन जहां, सैयद जाकिर अली, विवेक मोहन सिंह, परमेश्वर दयाल, डॉ. एसपी सक्सेना, डॉ. केएस मिश्रा, सत्यवीर आर्य, नीरज कुमार वर्मा, लता सत्यपाल व हेमलता शर्मा ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

डीएवी कालीचरण उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद बरेली के तत्वाधान में शोक सभा का आयोजन हुआ। वक्ताओं ने डॉ. मिथलेश के सरल स्वभाव, कर्तव्यनिष्ठा और शिक्षा के प्रति समर्पण को याद करते हुए कहा कि उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

## वरिष्ठ नागरिकों का किया सम्मान




अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित हुए वरिष्ठ नागरिक और पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार**: अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से रविवार को बदायूं रोड स्थित अनुपम नगर में एवीकेएम मुख्यालय पर वरिष्ठ नागरिक अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, महासभा के अध्यक्ष मुकेश सक्सेना,

- अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने आयोजित किया कार्यक्रम

सुरेंद्र बीनू सिन्हा ने सुशील कुमार सक्सेना, प्रकाश चन्द्र सक्सेना, मुकेश कुमार सक्सेना, ज्ञान चन्द सक्सेना, कुसुम लता सक्सेना आदि क अभिनंदन शॉल ओढ़ाकर किया। अध्यक्ष मुकेश सक्सेना ने कहा, वरिष्ठ जन हमारे लिए पूजनीय हैं। उनका आशीर्वाद जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। समारोह में वीरेंद्र रायजादा, सुधीर मोहन, राजेश सक्सेना, विधान रॉय, श्यामदीप सक्सेना, मीरा मोहन, मंजू लता, प्रीति सक्सेना, संतोष सक्सेना, अक्षय कुमार बिसारिया आदि शामिल हुए।

## कार्यकर्ताओं का त्याग है परिषद की रीढ़




अभाविप के स्नेह मिलन एवं विदाई समारोह में उपस्थित कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार**: अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बरेली महानगर ने कार्यकर्ता स्नेह मिलन एवं विदाई समारोह का आयोजन रुहेलखंड विश्वविद्यालय के पांचाल संग्रहालय सभागार में किया। रविवार को हुए आयोजन में परिषद के पूर्व एवं वर्तमान कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समारोह में विभाग संगठन मंत्री रही अवनी यादव को पूर्णकालिक जीवन

- अवनी यादव को सम्मानपूर्वक विदाई, विकास गोला ने संभाला विभाग संगठन मंत्री का दायित्व

से व्यक्तिगत जीवन में वापसी के अवसर पर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। अवनी यादव ने बरेली विभाग में संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करते हुए विभिन्न आयामों पर उल्लेखनीय कार्य किया। इस अवसर पर नवीन विभाग संगठन मंत्री विकास गोला का स्वागत किया गया। केंद्रीय कार्य समिति सदस्य भूपेंद्र सिंह ने कहा कि पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं का त्याग संगठन की रीढ़ है। प्रांत एसएफएस प्रमुख डॉ. राजीव यादव ने परिषद को राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बताते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं का समर्पण ही संगठन की पहचान है। विभाग प्रमुख डॉ. प्रेमपाल सिंह ने संगठन की निरंतरता में सामूहिक प्रयासों की भूमिका पर बल दिया। अंत में प्रांत मंत्री आनंद कठेरिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

**आयोजन** सेंट्रल यूपी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स और इंडस्ट्री सोसाइटी ने कराया हास्य कवि सम्मेलन

## सुनो गौर से पंजे वालों, फिर भी तुम में होगी खींचातानी...

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार**: सेंट्रल यूपी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स और इंडस्ट्री सोसाइटी की ओर से रविवार की रात सीबीगंज स्थित एक होटल में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान कवियों ने नेताओं पर व्यंग्य सुनाकर श्रोताओं को गुदगुदाया।

कवियों ने जब मंच से कविताएं सुनानी शुरू कीं तो पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। डॉ. आदित्य जैन ने जलवा है जलवा, भारत की सेना का जलवा, सुनो गौर से पंजे वालों, खरगे जी की कस्में खा लो, चाहे जितना जोर लगा, फिर भी तुम में होगी खींचातानी... आदि कविता सुनाकर समा बांध दिया। कवयित्री शिल्पी सक्सेना ने कहा- तन कर खड़े हुए हिमालय की तरह कट गए सर मगर झुके नहीं, राष्ट्र हित का नया सूरज वन कर रहे। इसी तरह हास्य कवि गौरव चौहान, डॉ. मोनिका अग्रवाल आदि ने भी अपनी अपनी कविता सुनाकर सभी को झूमने पर विवश कर दिया।

इससे पूर्व हास्य कवि सम्मेलन का शुभारंभ वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ अरुण कुमार, बिथरी विधायक डॉ राघवेंद्र शर्मा, मीरगंज के विधायक डॉ. डीसी वर्मा, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल, चैंबर के अध्यक्ष राजेश गुप्ता व सचिव डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

हास्य कवि सम्मेलन में मुख्य रूप से कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, डॉ. डीसी वर्मा, आदित्य मूर्ति, केबी अग्रवाल, व्यापारी नेता राजेंद्र गुप्ता, वरुण गुप्ता, प्रकाश चंद्र गुप्ता, सुधीर गुप्ता, दिनेश सिंह आदि बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। हास्य कवि सम्मेलन देर रात तक चलता रहा। हल्की सर्दी में भी लोग कवियों को सुनने के लिए बैठे रहे।



हास्य कवि सम्मेलन में दीप प्रज्ज्वलित करते वनमंत्री डॉ. अरुण कुमार। साथ में विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, चैंबर के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, धर्मेन्द्र गुप्ता, डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी आदि। ● अमृत विचार

- कवियों ने व्यंग्य वाण छोड़कर सभी को गुदगुदाया, तालियों से गूंजा सभागार

# गदा, त्रिशूल ही नहीं एके-47 भी करेगी रंगों की बौछार

## होली बाजार में छाई रौनक, रंगों के साथ पिचकारियों की खरीदारी के लिए दुकानों पर उमड़ने लगे ग्राहक

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** बाजार इन दिनों पूरी तरह होली के रंग में रंग गया है। दुकानों पर रंग-बिरंगे गुलाल, हर्बल रंग और आकर्षक पिचकारियों की भरमार है। थोक कारोबारियों ने पहले ही बड़े स्तर पर माल मंगा लिया है। बाजार में त्रिशूल, गदा, फरसा, एके-47, तिरंगा, छड़ी, तलवार, हथैड़ी, हल समेत प्रेशर वाली पिचकारियों की मांग है।

रोडवेज के पास रंग और पिचकारी बेचने वाले व्यापारी साहिल और तनेजा तांडव ने बताया कि दो दिन पहले ही उन्होंने दुकान में होली संबंधी सामान लगाया है। दुकान खुलते ही खरीदार उनके यहां पर आने लगे हैं। सुबह से रात तक सैकड़ों थोक और रिटेल ग्राहक उनकी दुकान पर खरीदारी के लिए आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि बीते साल के मुकाबले इस बार करीब 20 से 25 प्रतिशत अधिक रंग और पिचकारियां खरीदी हैं। बताया कि यूं तो बाजार में तमाम तरह की पिचकारियां हैं, लेकिन ट्रेड में त्रिशूल, गदा, फरसा, एके- 47, तिरंगा, छड़ी, तलवार आदि पिचकारियों की मांग सबसे ज्यादा है। बच्चों से लेकर युवा तक इन्हें पसंद कर रहे हैं। साथ ही म्यूजिकल पिचकारी भी ग्राहकों को आकर्षित कर रही है। आकर्षक गिफ्ट हैंपर, रंग से भरे सिलेंडर, कलर बम, पंचतत्व कलर और बच्चों के लिए ऑर्गेनिक रंग भी बाजार में उपलब्ध हैं। रंग कारोबारियों के अनुसार हर साल रंगों का कारोबार बढ़ता है। इस बार रंगों का कारोबार 50 करोड़ रुपये से अधिक का होने का अनुमान है। दुकानदारों के अनुसार गत वर्ष की तुलना में इस बार पिचकारियों के दाम 20 प्रतिशत कम हैं। जो पिचकारी पहले 500 की थी, वह अब 400 रुपये की हो गई है।



कुतुबखाना स्थित एक दुकान पर पिचकारी व गुलाग की खरीदारी करते लोग। ● अमृत विचार





एके-47 पिचकारी ग्राहकों को दिखाता दुकानदार। ● अमृत विचार

### बाजार में गिफ्ट हैंपर की भरमार

होली पर खास रंगों को तोहफे में देने के लिए गिफ्ट हैंपर की भरमार है। कई नामों से इन्हें बनाया गया है। पार्टी पैक, फैमिली पैक, 'पंचतत्व' नाम से पांच रंगों का विशेष गिफ्ट हैंपर तैयार किया गया है, जिसे ग्राहक काफी पसंद कर रहे हैं। रिश्तेदारों, दोस्तों और ऑफिस में देने के लिए अलग-अलग तरह के गिफ्ट हैंपर भी उपलब्ध हैं।

### एके-47 पिचकारी की कीमत सबसे ज्यादा

पिचकारियों में गदा 150, त्रिशूल 150, छाता 150, करछली 120, बेलन 400, एके-47 700 रुपये में बाजार में उपलब्ध है। वहीं, पंचतत्व कलर 80, पैकेट वाले कलर 120, म्यूजिकल पिचकारी 250 रुपये में मिल रही है।

### बाजार में छाए मुखौटे

बाजार में गुलाल से लेकर पानी वाले हर्बल रंग भी हैं, कुछ लोग केमिकल वाले रंगों का इस्तेमाल करते हैं। इससे बचने के लिए बाजार में कई तरह के मुखौटे हैं। यह रबर व प्लास्टिक के हैं। इनकी कीमत भी बहुत ज्यादा नहीं है।

### आगरा से आता है सिलेंडर, दिल्ली से रंग

रंग को तेजी से फेंकने वाला सिलेंडर आगरा से आता है। वहां से प्रदेश में सिलेंडरों की सप्लाई की जाती है। रंग और पिचकारियां दिल्ली और मेरठ से आती हैं। वहां इन के दाम कम हैं। टांसपोर्ट का खर्चा भी कम आता है।

## न्यूज ब्रीफ

### हिंदुओं को एकजुट रहने की आवश्यकता



**बरेली, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से मढ़ीनाथ नगर की बस्ती में रविवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। बाबा मढ़ीनाथ हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति की ओर से कराए गए सम्मेलन के मुख्य वक्ता सह प्रांत कार्यवाह राजपाल ने बताया कि देश के हिंदुओं को एकजुट रहने की आवश्यकता है। सभी हिन्दू एकत्रित होकर देश को मजबूत बनाएं। इस सम्मेलन की अध्यक्षता रेनू पटेल ने की। कार्यक्रम में डॉ. राजीव, अनुज, रिषभ, सतीश, सौरभ आदि मौजूद रहे।

### ओपन नेशनल ताइक्वांडो में स्वर्ण पदक जीतकर बढ़ाया मान

**बरेली, अमृत विचार :** जीआरएम स्कूल के कक्षा एक के छात्र रूशांक सिंह ने रुहेलखंड विश्वविद्यालय में आयोजित ओपन नेशनल ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रूशांक ने अब तक विभिन्न प्रतियोगिताओं में 7 स्वर्ण पदक, 2 रजत और 2 कांस्य पदक भी हासिल किए। जिले की सनसिटी विस्तार कॉलोनी में रहने वाले रूशांक सिंह ताइक्वांडो के साथ पढ़ाई में भी आगे रहते हैं। इनकी इस सफलता पर पिता राहुल सिंह, माता निशी सिंह, कोच कमल शर्मा आदि ने शुभकामनाएं दी।

### कुष्ठ आश्रम में कपड़ों का वितरण किया

**बरेली, अमृत विचार :** सृजन वेलफेयर सोसाइटी ने रविवार को रामगंगा स्थित कुष्ट आश्रम में वहां के लोगों के साथ होली मनाई। सोसाइटी ने निवासियों को कपड़े, गुलाल के पैकेट, पिचकारी आदि का वितरण किया। अध्यक्ष डॉ. दीक्षा सक्सेना ने बताया कि होली के मद्देनजर आश्रम में जरूरत का सामान वितरित किया गया। उपाध्यक्ष रविंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष अमित गौड़, संरक्षक राजीव सक्सेना, राजीव सक्सेना, दिलीप पाठक, हरीश गंगवार, दीपक शर्मा, विजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

## जरा देर ठहरो राम... के साथ भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**बरेली, अमृत विचार :** राजेंद्र नगर स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में प्रतिमाह आयोजित होने वाला राम भोग रविवार को उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। मंदिर परिसर संकीर्तन, भजनों और जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध कथावाचक एवं संकीर्तन कार गोपाल कृष्ण मिश्रा ने भजनों की प्रस्तुति दी।


जरा देर ठहरो राम, घर आए राम रघुराई और दर्द किसको सुनाओ कन्हैया, जैसे भजनों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। उत्सव के दौरान यजमान अश्वनी अरोरा और सुनील गुप्ता ने विधि-विधान से आरती संपन्न कराई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आरती के बाद सभी भक्तों ने राम भोग प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति के अध्यक्ष विनोद ग्रोवर, विजय गुप्ता, विजय बंसल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। संयोजक विजय बंसल ने बताया कि प्रत्येक माह की 22 तारीख को मंदिर में भव्य राम भोग एवं संकीर्तन का आयोजन नियमित रूप से किया जाता है।

## टीईटी की अनिवार्यता का शिक्षकों ने तेज किया विरोध

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया ( टीएफआई ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश शर्मा के आह्वान पर टीईटी की अनिवार्यता का विरोध रविवार को सोशल मीडिया पर जोर पकड़ता नजर आया। एक्स पर चलाया गया हैशटैग अभियान टॉप ट्रेंड में देखा गया, जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षकों ने अपनी भागीदारी दर्ज कराई।

शिक्षा विभाग में टीईटी की अनिवार्यता के आदेश आने के बाद में उस परीक्षा का पास करने के लिए दो साल का समय दिया गया है। देश में लगभग 30 लाख शिक्षक इसके दायरे में आ रहे हैं। प्रदेश में ऐसे शिक्षकों की संख्या 1 लाख 86 हजार है। रविवार को पहले दिन एक्स पर टीईटी की अनिवार्यता के विरोध में अभियान चलाया गया। उसके बाद वह टॉप ट्रेंड में देखा गया। हजारों पोस्ट और री पोस्ट के जरिए शिक्षकों ने अपनी आवाज बुलंद की। अभियान के तहत प्रदेश भर के शिक्षक 23 फरवरी से लगातार तीन दिन तक विरोध स्वरूप काली पट्टी बांधकर स्कूलों में शिक्षण कार्य करेंगे। अभियान के अगले चरण में 26 फरवरी को बीएसए कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। संगठन ने सभी शिक्षकों से एकजुट होकर आंदोलन को सफल बनाने की अपील की है। प्राथमिक शिक्षक संघ के वरिष्ठ शिक्षक नेता हरीश बाबू शर्मा ने कहा कि "खेल शुरू होने पर, खेल तक के नियम नहीं बदलते" दूसरी तरफ टेट लागू होने से पहले नियुक्त शिक्षकों को टेट अनिवार्यता करना कहां का न्याय है।





● **एक्स पर ट्रेंड हुआ टीएफआई का अभियान, तीन दिन काली पट्टी बांधकर शिक्षक करेंगे विरोध**

## उत्तराखंड महासभा का 18वां बसंतोत्सव पहली मार्च को

**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा की ओर से 1 मार्च को कूर्मांचल नगर में 18वें बसंतोत्सव का आयोजन किया जाएगा। तैयारियों को लेकर महासभा की बैठक जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह देवलिया की अध्यक्षता में रविवार को संपन्न हुई। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद घिल्डियाल ने बताया कि कार्यक्रम में उत्तराखंड सरकार के शिक्षा एवं स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत तथा कृषि एवं सैनिक पुनर्वास कल्याण मंत्री गणेश जोशी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उत्तराखंड की लोक गायिका दीक्षा ढोंडियाल सांस्कृतिक दल के साथ प्रस्तुति देंगी। लोक कलाकार एवं सिने अभिनेता अनिल बिष्ट भी भाग लेंगे। दोनों कलाकारों को उत्तराखंड गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। जिला महामंत्री चंदन सिंह नेगी ने बताया कि कार्यक्रम में वीरेन डंगवाल साहित्य सम्मान, उत्तराखंड गौरव सम्मान, प्रतिभाशाली बच्चों व वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान, विशिष्ट व्यक्तित्वों का अभिनंदन किया जाएगा।

## फाल्गुन की फुहार 'रंग रसिया' होली खेलो रे राधा संभल के...

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** एसआरएमएस रिद्धिमा में गायन एवं वादन के गुरुजन और उनके विद्यार्थियों की ओर से फाल्गुन की फुहार 'रंग रसिया' का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का आगाज इंस्ट्रूमेंटल गुरुओं सूर्यकांत चौधरी (वायलिन), सुरेंद्र (परकशन), अनुग्रह सिंह (की-बोर्ड), विशेष सिंह (गिटार), ऋषभ आशीष पाठक (ढोलक व पखावज), दीपकांत जौहरी (तबला), सीमा (सितार), दीपक राना (हारमोनियम) ने शास्त्रीय संगीत से किया।

गायन गुरु सात्विक मिश्रा और विद्यार्थियों ने गायन के विद्यार्थियों मानसी टंडन, गीतू अरोड़ा, अंशुमा अग्रवाल, असोक आनंद, सोनम गउल, अनुग्रह के साथ गीत 'खेले मसाने में होरी दिगंबर' और गीत 'मेरा मुर्शीद खेले होली' को प्रस्तुत कर होली के रंग बिखेरे। गायन गुरु प्रियंका ग्वाल ने गीत 'होली आई रे पिया जी रे' को अपनी आवाज देकर होली के रंगों में और रंग डाले। सात्विक मिश्रा ने डा.रीता शर्मा के साथ 'होली खेलो री राधा संभल के' होली गीत को भी अपने स्वर देकर श्रोताओं को रंगों से भिगोया।

इंदू परडल गीत 'सकल बन फूल रही सरसों' को अपने स्वर देकर श्रोताओं को बसंत ऋतु में ले गईं। दोनों गायन गुरु सात्विक मिस्रा और प्रियंका ग्वाल ने होली गीत 'अरे जा रे हट नटखट' को प्रस्तुत कर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। अंत में दोनों गायन गुरुओं, इंदू परडल और गायन के विद्यार्थियों अंशुमा, शालिनी के साथ होली गीतों की पैरोडी प्रस्तुत कर रंगों की बारिश की। जिस पर देर तक सभी श्रोता सराबोर होते रहे। इस अवसर पर ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति, आदित्य मूर्ति, उषा गुप्ता, सुभाष मेहरा, डा.प्रभाकर गुप्ता, डा.अनुज कुमार, डा.शैलेश सक्सेना, डा.आशीष कुमार और शहर प्रमुख लोग मौजूद रहे।



एसआरएमएस रिद्धिमा में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार

● **खेले मसाने में होरी दिगंबर, अरे जा रे हट नटखट जैसे गीतों से मचायी धूम**

## बेबी शो एवं फन फेयर में नन्हें-मुन्नों ने जीता जहां





बेबी शो में बच्चों ने बिखेरा जलवा। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** क्रिएशंस स्कूल में बेबी शो एवं फन फेयर का आयोजन उत्साह और रंगारंग माहौल में संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर रंगों, रचनात्मकता और उमंग से सराबोर नजर आया। रविवार को आकांक्षा एन्क्लेव स्थित बेबी शो में 20 माह से यूकेजी नन्हें छात्रों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। वहीं कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

कक्षा 1 से 8 तक के लिए ड्राइंग एवं आर्ट प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों की कल्पनाशीलता और रचनात्मक देखने योग रही। आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी में एकता नगर और आकांक्षा एन्क्लेव दोनों शाखाओं के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित सुंदर एवं आकर्षक कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया, जिसकी परिजनों और अतिथियों ने खूब सराहना की। कार्निवल गेम्स और मनोरंजक गतिविधियों ने आयोजन में चार चांद लगा दिए। राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता जादूगर के रोमांचक मैजिक शो ने बच्चों और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

छात्रों को को उपहार देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि ऐसे आयोजन केवल प्रतियोगिता नहीं बल्कि बच्चों के समग्र विकास का सशक्त माध्यम होते हैं। कार्यक्रम में चेयरपर्सन रिचा टंडन और डायरेक्टर मनीश टंडन भी मौजूद रहे।

## भाषण प्रतियोगिता में दीपांशु दीप और अभय प्रथम, माही रहीं द्वितीय

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** श्री अग्रसेन सेवा ट्रस्ट की ओर से रविवार को रोटरी भवन में सामाजिक जागरूकता अभियान के अंतर्गत 'पुरुष एवं महिला उत्पीड़न पर सामाजिक दृष्टिकोण' विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित करायी।

प्रतियोगिता में विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने विचार रखे। इसमें एमजेपी रुहेलखंड कैम्पस के छात्र दीपांशु दीप और केसीएमटी के अभय सिंह संयुक्त रूप से प्रथम रहे। द्वितीय स्थान पर महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय की माही अग्रवाल व तृतीय स्थान पर केसीएमटी की छात्रा सृष्टि शर्मा रहीं। सभी को क्रमशः 3100, 2100 व 1100 रुपये का नगद पुरस्कार दिया। निर्णायक मंडल में जज एड. हर्ष कुमार अग्रवाल, डॉ. राज कुमार, प्रो. मोनिका अग्रवाल एवं प्रो. नीलम गुप्ता रहे।

ट्रस्ट अध्यक्ष प्रदीप कुमार अग्रवाल ने ट्रस्ट द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि राजश्री ग्रुप के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने कहा कि अग्र समाज हर संभव जरूरतमंद लोगों की मदद करता है। विशिष्ट अतिथि प्रो नीलिमा गुप्ता ने कहा कि ट्रस्ट लम्बे समय से पुण्य कार्य कर रहा है। भाषण प्रतियोगिता आगे भी होनी चाहिए, जिससे समाज में पुरुष एवं महिला उत्पीड़न पर रोक लगाई जा सके। ट्रस्ट ने जरूरतमंदों की निःशुल्क सेवा कर रहे लोगों का सम्मान गया। एक व्यक्ति ने देहदान तथा कुछ व्यक्तियों ने नेत्रदान करने की इच्छा जतायी। उनको भी सम्मानित किया। ट्रस्ट के महामंत्री ने आभार जताया। संचालन डॉ. नूपुर गोयल, डॉ आरती गुप्ता ने किया।





भाषण प्रतियोगिता में विचार रखतीं एश्वर्या व मंचासीन अतिथि। ● अमृत विचार

● **श्री अग्रसेन सेवा ट्रस्ट की ओर से हुई भाषण प्रतियोगिता**

## बरेली के ताइक्वांडो मास्टर ने नेपाल में जीते पदक

**बरेली, अमृत विचार :** नेपाल की राजधानी काठमांडू में 18 से 20 फरवरी तक आयोजित डब्ल्यूटी जी-1 अंतरराष्ट्रीय ताइक्वान्डो प्रतियोगिता में बरेली के मास्टर अनिल कुमार ने दो कांस्य पदक जीतकर शहर का नाम ताइक्वांडो में विश्व पटल पर रोशन किया।

प्रतियोगिता के सीनियर पूमसे की व्यक्तिगत और टीम स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अनिल ने पूमसे शिपजिन में 5.499 अंक प्राप्त कर दो कांस्य पदक अपने नाम किए। बरेली ताइक्वांडो से डब्ल्यूटी जी-1 स्तर पर दो पदक जीतने वाले वह पहले खिलाड़ी बने। टीम मुकाबले में आगरा के पंकज शर्मा ने भी दो कांस्य पदक तथा बदायूं के अजयपाल सिंह ने एक कांस्य पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता का आयोजन विश्व ताइक्वांडो, एशियन ताइक्वांडो यूनियन और नेपाल ताइक्वांडो एसोसिएशन की ओर से किया गया है।

## केजी के बच्चों के लिए हुआ दीक्षांत समारोह



कार्यक्रम में प्रस्तुति देते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** सेक्रेड हार्ट्स सीनियर सेकेंड्री पब्लिक स्कूल में केजी के विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि राधा सिंह ने मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। नन्हें-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति की। समारोह में विद्यालय की वार्षिक पत्रिका 'मिरर' का विमोचन हुआ। मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया।

डायरेक्टर किडुकेशन-2 सुनाली चौधरी ने बच्चों को अनुशासन एवं अपने कर्तव्य की शपथ दिलाई। विशिष्ट अतिथि डॉ. मीता गुप्ता, नीलू मैंदीरत्ता, ज्योत्स्ना कटोच, पारूल मलिक एवं डॉ. अशोक मैंदीरत्ता समेत अन्य लोग मौजूद रहे। प्रधानाचार्या डॉ. उर्मिला वाजपेयी ने बच्चों को ईश्वर की सर्वोत्तम कृति बताया। निदेशिका राधा सिंह ने कहा कि ये प्यारे-प्यारे बच्चे हमारे देश का स्वर्णिम भविष्य हैं। डायरेक्टर निर्भय बेनीवाल ने कहा कि शिक्षा, खेल-कूद, मनोरंजन और सांस्कृतिक क्रिया-कलापों के माध्यम से विद्यालय बच्चों के शारीरिक, मानसिक और संवेदनात्मक विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

## अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने कराया होली गीत आयोजन





कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार:** अखिल भारतीय साहित्य परिषद बृज प्रांत के तत्वावधान में रविवार को प्रभात नगर में हुए कार्यक्रम में होली गीत सुनाए गए। निर्भय सक्सेना की पुस्तक कलम बरेली की पार्ट- 6 के विमोचन प्रो. के ए वार्ष्णेय, सुरेश बाबू मिश्रा, उमेश चंद्र गुप्ता, डॉ रणजीत पांचाले, डॉ ब्रजेश कुमार शर्मा, उमेश त्रिगुणायत अद्भुत, शिव ओम शर्मा, हिमांशु श्रोत्रिय, अनुराग उपाध्याय, उपमेंद्र सक्सेना ने किया। मोहन चन्द्र पाण्डेय ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. सुरेश बाबू मिश्रा, इतिहासकार डॉ. रणजीत पांचाले ने विचार रखे। अध्यक्षता ब्रज प्रांत के प्रांतीय संरक्षक प्रोफेसर कृष्ण अवतार वार्ष्णेय ने की। संचालन साहित्यकार निरुपमा अग्रवाल ने किया।

## मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना में बच्चों को दिए लैपटॉप

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में रविवार को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत 15 बच्चों को दिए लैपटॉप दिए गए। इसके साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत भी मेधावी छात्राओं को दिए डमी चेक भी वितरित किए।

कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड) के तहत कक्षा-9 वीं या उससे ऊपर की कक्षा में अध्ययनरत कुल-15 बच्चों को लैपटॉप वितरित किए गए। इसके अलावा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत कक्षा-10 वीं एवं 12वीं की 10-10 मेधावी छात्राओं को 5000-5000 की धनराशि के डमी चेक वितरित किए गए।

जिला प्रोबेशन अधिकारी मोनिका राणा ने बताया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड/सामान्य) की पात्रता एवं शर्तों, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के उद्देश्य के विषय से सभागार में उपस्थित समस्त छात्र/छात्राओं को अवगत कराया गया।

मेयर उमेश गौतम ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस भी क्षेत्र में कार्य करें, शतप्रतिशत प्रयास करें ताकि उसकी पहचान स्वयं के नाम से हो सके।

विधायक डॉ. एमपी आर्य ने कहा कि सोशल मीडिया का उपयोग स्वयं के बेहतर भविष्य एवं विकास के क्रम में करें न कि अन्य किसी कार्यों में। सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। डीएम अविनाश सिंह ने कहा कि बच्चे अपनी प्रतिभा की पहचान कर समाज और देश के विकास में अपना योगदान दें।

कार्यक्रम में सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, मेयर डॉ. उमेश गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक डॉ. एमपी आर्य, राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पाण्डेय, डीएम अविनाश सिंह, अपर जिलाधिकारी (नगर) सौरभ दुबे आदि मौजूद रहे।





कार्यक्रम में मौजूद पात्र विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि और अफसर। ● अमृत विचार

● **बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, योजना के तहत भी मेधावी छात्राओं को वितरित किए चेक**

● **कलेक्ट्रेट सभागार में हुए कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि और अधिकारी हुए शामिल**

आवश्यकता है
● कंप्यूटर ऑपरेटर
(MS ऑफिस अनिवार्य, Corel Draw अनुभवी को वरीयता)
● नर्स ANM/GNM
● पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
● आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
● रसोइया ● वार्ड बॉय
रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली
मो. +91-8077808309, 9837357497